भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1426
गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए योजनाएं

1426. श्री एम.शनमुगमः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में विशेष रूप से तमिलनाडु राज्य में और अधिक घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई नई योजना प्रस्तावित है;

(ख) क्या ग्रामीण पर्यटन और साहिसक पर्यटन पर जोर देते हुए, तमिलनाडु राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का और अधिक अवसंरचनात्मक सुविधाओं के साथ पुनरूद्धार किया जाएगा;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राज्य सरकार की तमिलनाडु में पर्यटन विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मदद की जाएगी; और

(ड.) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्द्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)' और 'बाजार विकास सहायता सहित विदेशी संवर्द्धन एवं प्रचार' (ओपीएमडी) की अपनी चालू योजनाओं के माध्यम से तमिल नाडु सहित भारत का समग्र रूप से संवर्द्धन करता है । इन योजनाओं के तहत, पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय देश के भीतर घरेलू पर्यटन के संवर्द्धन तथा प्रचार के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाता है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों और उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, पूर्वोत्तर और जम्मू और कश्मीर जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के साथ-साथ आला पर्यटन उत्पादों पर फोकस के साथ देश के भीतर पर्यटन का संवर्द्धन करना, सामाजिक जागरूकता संदेशों का प्रसार करना और पर्यटन क्षमता वाले कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है।

(ख) से (ड): स्वदेश दर्शन, प्रशाद (तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन) और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत पर्यटन मंत्रालय मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासन/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

स्वदेश दर्शन

क्र सं	**परियोजना एवं परिपथ का नाम**	**स्वीकृति का वर्ष**	**अनुमोदित लागत (रु)**
1	तटवर्ती परिपथ (चेन्नई-मामल्लपुरम-रामेश्वरम-मानपाडु-कन्याकुमारी) का विकास	2016-17	73.13 **करोड़**

प्रशाद (तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन)

क्र सं	**परियोजनाओं के नाम**	**स्वीकृति का वर्ष**	**अनुमोदित लागत (रु)**
1	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99 **करोड़**
2	वेल्लांकनी का विकास	2016-17	4.86 **करोड़**

केंद्रीय एजेंसियों की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र सं	**परियोजना एवं परिपथ का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृति का वर्ष**	**अनुमोदित लागत (रु)**
1	चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र।	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	2016-17	1724.66 **लाख**

****